एक नजर में

मछली मारने के दौरान नाव पलटी, एक की मौत

रघुनाथपुर (सिवान) : प्रखंड के गंभीरार पंचायत के बीन टोला में मंगलवार की दोपहर मछली मारने के दौरान सरयू नदी में मछुआरों से भरी एक नाव पलट गई। इस घटना में एक मछुआरे की मौत डूबकर हो गई। जबकि अन्य किसी तरह पानी में तैर कर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। मृतक बलिया जिले के जयनगर बांसडीह निवासी मुनीब बिंद (45) बताया जाता है। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि उप्र बलिया जिला के जयनगर बांसडीह निवासी सकल बिंद, मुन्ना बिंद, चंद्रमा बिंद, रितेश बिंद,गंभीरार बीनटोला स्थित सरयू नदी में मछली मार रहे थे। मछली मारने के दौरान इन सभी लोगों का नियंत्रण नाव से खो गया और नाव नदी में पलट गई। इसमें सकल बिंद, मुन्ना बिंद, चंद्रमा बिंद, रितेश बिंद किसी तरह तैर कर अपनी जान बचाने में सफल रहे, लेकिन मुनीब बिंद पानी की धार में बह गया। बाद में किसी तरह उसके शव को नदी से निकाला गया। (संसू)

ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार भाई-बहन की मौत

सूर्यगढ़ा (लखीसराय) : सोमवार की देर शाम सूर्यगढ़ा-लखीसराय राष्ट्रीय राजमार्ग 80 पर बोड़ना गांव के समीप बाइक सवार और सामने से आ रहे ट्रक में सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में खेमतरणी स्थान निवासी छत्रपति यादव का पुत्र राजीव कुमार की मौत मौके पर हो गई। जबकि राजीव की बहन सुबोध देवी की मौत इलाज के लिए ले जाने के क्रम में हो गई। घटना के बाद सीमेंट लदा ट्रक को छोड़ चालक फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की देर शाम राजीव कुमार अपनी बहन को बाइक से उसके ससुराल पहुंचाने लखीसराय के विक्रम गांव जा रहा था। दोनों का शव खेमतरणी स्थान पहुंचते ही कोहराम मच गया। राजीव खेतीबाड़ी करके व ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके भाई मंटू यादव के बयान पर सूर्यगढ़ा थाना में लिखित आवेदन देकर ट्रक चालक व मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। (संसू)

गुस्साए ग्रामीणों ने तेजप्रताप को सुनाई खरी-खोटी

वैशाली : महुआ के मिर्जानगर में पूर्व मंत्री तुलसीदास मेहता के श्राद्ध कर्म पहुंचे स्थानीय विधायक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजप्रताप यादव को ग्रामीणों का गुस्सा झेलना पड़ा। महुआ से मिर्जापुर गांव होते हुए चकसिकंदर जाने वाली सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों ने बीच रास्ते में उन्हें घेर लिया और जमकर खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने कहा कि उनके रहते यह सड़क खस्ताहाल है और लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। यहां तक कि बरसात के मौसम में इस गांव के लोग मरीजों को खाट पर लेकर अस्पताल पहुंचाते हैं। ना तो यहां कोई गाड़ी आती है ना तो कोई डॉक्टर आते हैं। (जेएनएन)

गरीबी व जागृति की कमी के कारण फैला एईएस : नीतीश

मुख्यमंत्री ने एसकेएमसीएच में किया 105 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

जासं., मुजफ्फरपुर : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि पर्यावरण में जो परिवर्तन होता है, उसके कारण कई बीमारियां होती हैं। बीमारी पर रोक के लिए अध्ययन व अनुसंधान कर रहे हैं। मुजफ्फरपुर के जिन पांच प्रखंडों में बीमारी का ज्यादा प्रकोप था, वहां सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कराया। इस दौरान हमारी जो चिंता थी वह सामने आई। गरीबी, अशिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण यह बीमारी ज्यादा फैली। हम इस पर काम कर रहे हैं।

नीतीश कुमार मंगलवार को मुजफ्फरपुर के श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए 105 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन के बाद समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभावित प्रखंडों की महिलाएं जीविका से नहीं जुड़ी हैं। बहुत से परिवार ऐसे थे, जिनके पास राशन कार्ड नहीं था। बताइए भूखे पेट बच्चे.... ! हमने इस पर काम शुरू कराया है। इन इलाकों में आंगनबाड़ी केंद्र होना चाहिए। गरीब परिवारों को रहने के लिए घर होना चाहिए। पीएम आवास योजना के तहत जिन्हें मकान नहीं है, उन्हें मकान देंगे। जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें जमीन खरीदने के लिए रुपये देंगे। जिनका किन्हीं कारणवश नाम छूटा, उनका घर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनाएंगे। मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। बुनियादी काम हुए हैं। शेष तीन महीने में पूरा कर लेंगे।

मुख्यमंत्री ने सभा में लोगों को गत जून माह की याद दिलाते हुए कहा- उस वक्त वहां एईएस का प्रकोप था। तब मैं मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज में पहली बार आया था। उस वक्त मात्र 14 बेड का पीआइसीयू था। मैंने तत्काल स्वास्थ्य सचिव को बेड की संख्या बढ़ाने को कहा। फिर अस्पताल के कैदी वार्ड को खाली कराकर बीमार बच्चों के बेड की संख्या बढ़ाकर 64 की गई। आज से 100 बेड के पिकू वार्ड के निर्माण का काम शुरू हो गया। अप्रैल 2020 तक काम पूरा हो जाएगा। अगले साल बच्चों के इलाज के लिए वार्ड तमाम संसाधनों से लैस होगा।

सीएम ने बातों-बातों में विरोधियों पर भी चुटकी ली। बाहर कौन क्या कहता है बिना तथ्य के। इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। जब कोई बीमार हो जाता है और हमारे चिकित्साकर्मी बेहतर काम करते हैं तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए।

ये रहे मौजूद : उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, नगर विकास व आवास मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार, उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री श्याम रजक, सांसद अजय निषाद, वीणा देवी, पूर्व मंत्री व विधान पार्षद देवेशचंद्र ठाकुर, विधायक अशोक कुमार सिंह, बेबी कुमारी केदार गुप्ता और एसकेएमसीएच के प्राचार्य डॉ. विकास कुमार व अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार शाही समेत सभी संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में एनडीए के नेता व आम लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री की घोषणा

- 2500 सौ बेड का होगा एसकेएमसीएच
- 2020 के अप्रैल तक बनकर तैयार हो जाएगी 100 बेड वाली पीआइसीयू
- 1500 बेड पर तत्काल शुरू होगा काम, दो फेज में 750-750 का होगा निर्माण
- एईएस प्रभावित पांच प्रखंडों में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर चल रहा काम, मुख्य सचिव से मांगी है रिपोर्ट, शीघ्र पूरे क्षेत्र में कराएंगे काम
- बीमारी का प्रकोप तेजी से फैलने के पीछे गरीबी, अशिक्षा और जागरूकता की कमी बनती कारण

जमुई में लिए गए सिम कार्ड से विधायक को मिली थी धमकी

जागरण संवाददाता, पटना : राजधानी पुलिस भोजपुर जिले के बड़हरा विधायक सरोज यादव से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स के करीब पहुंच चुकी है। जिस मोबाइल नंबर से विधायक को मैसेज भेजकर धमकी दी गई थी, वो सिम कार्ड जमुई जिले के पते पर रजिस्टर्ड है। पुलिस सिमधारक के नाम और पते का सत्यापन करा रही है। सचिवालय थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर छानबीन की जा रही है।

बताते चलें कि 11 सितंबर को विधायक सरोज यादव के मोबाइल पर मैसेज भेजकर धमकी दी गई थी। इस संबंध में उन्होंने दानापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इससे पहले पांच, छह व 10 सितंबर को उनसे जुड़े लोगों के साथ घटनाएं हुई थीं। ये तीनों मामले भोजपुर जिले के विभिन्न थानों में दर्ज किए गए थे। बिहार पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ 18 सितंबर को विधायक मुख्यमंत्री आवास के बाहर आमरण अनशन पर बैठ गए। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर छोड़ दिया था। साथ ही उनके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी।

उच्च शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन कोर्स की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, पटना : बिहार के जिन उच्च शिक्षण संस्थानों में संचालित ऑनलाइन कोर्स की जांच होगी। हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बिहार के कई विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन कोर्स चलाने की सैद्धांतिक सहमति दी है। साथ ही यूजीसी ने ऑनलाइन कोर्स में शिक्षा की गुणवत्ता की जांच की शर्त भी रखी है। राजभवन ने कुलपतियों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल ने स्पष्ट तौर से निर्देश दिया है कि ऑनलाइन कोर्स के लिए छात्र-छात्राओं को सारी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। साथ ही पुस्तकालयों को डिजिटल बनाने को कहा गया है। पिछले दिनों कुलपतियों की बैठक में विमर्श के दौरान यह बात सामने आयी है कि पुस्तकालयों में नई पुस्तकों की खरीददारी के साथ-साथ, पुरानी पुस्तकों एवं पांडुलिपियों के डिजिटाईजेशन के कार्य भी बहुत जरूरी हैं।

राजभवन के मुताबिक प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में डिजिटल लेन-देन को अनिवार्य किया गया है ताकि हर साल दी जाने वाली वित्तीय मदद के आडिट में कोई समस्या नहीं हो। यही वजह है कि यूजीसी ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों से डिजिटल लेन-देन के इस्तेमाल से जुड़ी जानकारी मांगी है। साथ ही इनमें फिसड्डी संस्थानों के खिलाफ कड़े कदम उठाने के भी संकेत दिए हैं।

जिसमें संस्थानों को मिलने वाली जरूरी मदद भी रोकी जा सकती है। हाल ही में पटना विश्वविद्यालय, बीआर अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय को छोड़कर अन्य संस्थानों ने डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था को ठीक से लागू नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई है।

फागू चौहान (फाइल फोटो)

हथियार के साथ शाखा प्रबंधक समेत दो गिरफ्तार

जेएनएन, सुपौल : मरौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरोजाबेला पंचायत के अतिरिक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र पर मरौना के प्रशिक्षु अंचलाधिकारी डॉ. साकेत कुमार सुमन ने मंगलवार को निरीक्षण के दौरान शराब पीते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें निर्मली उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक व एक अन्य युवक शामिल है। इनके पास से हथियार भी बरामद हुए।

अंचलाधिकारी डॉ. सुमन अंचल ने बताया कि चार व्यक्ति चंदेश्वर यादव के घर में बैठकर शराब पी रहे हैं। उन्होंने गार्ड को चारों शराबियों को पकड़ने को कहा। पुलिस को देखते ही दो शराबी भाग निकले और दो को मौके पर ही पकड़ लिया गया। अंचल गार्ड गणेश भंडारी ने जब फुलपरास निवासी बिंदा यादव को कुर्सी से उठाया तो वहां तीन कट्टे रखे थे। पकड़ाए दोनों शराबियों में से एक मधुबनी जिला के फुलपरास थाना क्षेत्र का दनरा टोला निवासी शिबू यादव और एक दरभंगा जिला के लहेरियासराय थाना क्षेत्र का खाजासराय निवासी बीरेंद्र पासवान बताया जा रहा है। पूछताछ के क्रम में बीरेंद्र पासवान ने बताया कि वह उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, निर्मली में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। वह ऋणियों से ऋण की वसूली में निकला था और कई जगह से ऋण की वसूली की। वह चंदेश्वर यादव के घर भी ऋण वसूली के लिए ही गया था। जहां वे लोग शराब पी रहे थे। इसी दौरान मरौना सीओ अंचलगार्ड के साथ पहुंचे तो शराब पी रहे दो लोग फरार हो गए और वहां से उसे पकड़कर अंचल गार्ड बेलही लाया। इसके बाद मरौना थानाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद चौपाल दोनों को गिरफ्तार कर मरौना थाना ले गए।

बगहा में बाघ ने किसान को मार डाला लोगों में दहशत

गोवर्द्धना / रामनगर (प. चंपारण), संसू : गोवर्धना थाना क्षेत्र की बगही पंचायत के रामबाग में मनरेगा के पौधों व खेत की रखवाली कर रहे एक किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी किसान को रामनगर पीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृत किसान बगही सखुआनी गांव निवासी स्व. डोमा महतो का पुत्र सोहन महतो (42) था। घटना की बाबत स्थानीय थाने में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है। घटना से क्षेत्र में दहशत है। वन विभाग की टीम वहां कैंप कर रही थी।

बताया गया कि सोहन महतो पंचायत में वनपोषक था। वह बगही पंचायत सरकार भवन परिसर में लगे मनरेगा के पौधों की रखवाली और अपने खेतों में लगी धान की फसल की देखरेख भी करता था। जंगल क्षेत्र में नीलगायों के अधिक उत्पात के कारण रात में पंचायत सरकार भवन में ही सो जाता था। सोमवार रात में भी सोया था। वहां पत्नी पूरन देवी भी थी। उसने बताया कि रात करीब ढाई बजे जानवरों की आवाज पर पति की नींद खुल गई। वे खेतों में जानवरों को भगाने के लिए निकले। काफी देर तक नहीं लौटे तो अनहोनी की आशंका हुई। जब वहां गई तो गन्ने के खेतों के बीच गंभीर हालत में तड़पते देखा। गले और दाहिनी जांघ से काफी खून बह रहा था। चिल्लाने पर लोग जुटे। इसके बाद स्थानीय थाना व वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग के वाहन से उसे रामनगर पीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

झारखंड में शिफ्ट हो रही बिहार की सियासत

अरविंद शर्मा ● पटना

झारखंड में सत्ता की लड़ाई के दिन करीब आ गए हैं। विधानसभा चुनाव के एलान के पहले बिहार के नेताओं का रांची आना-जाना बढ़ गया है। माना जा रहा है कि मतदान की तिथियों के एलान के साथ ही बिहार की लड़ाई भी पूरी तरह पड़ोसी राज्य में शिफ्ट हो जाएगी।

पिछली बार चुनाव आयोग ने 25 अक्टूबर को झारखंड विधानसभा चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा कर दी थी। इस लिहाज से सहयोगियों की तलाश, गठबंधन पर बातचीत और सीटों की हिस्सेदारी तय करने के लिए अब सिर्फ महीने भर बाकी रह गए हैं। ऐसे में बिहार की भी सियासत झारखंड के मिजाज से ही आगे बढ़ रही है।

जदयू को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने की ओर बढ़ रहे नीतीश कुमार ने झारखंड से उम्मीदें पाल रखी हैं। भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को सह प्रभारी बना दिया है। राजद नेता तेजस्वी यादव को अपनी खोई हुई जमीन की तलाश है। कांग्रेस के भी कई नेताओं का झारखंड से करीबी रिश्ता और मकसद है। ऐसे में बिहार के चारों बड़े दलों के नेताओं ने झारखंड के फेरे बढ़ा दिए हैं। तेजस्वी यादव ने दो दिनों से झारखंड के देवघर और गोड्डा में डेरा डाल रखा है। गठबंधन और प्रत्याशी तय होने से पहले ही संकल्प यात्राएं शुरू कर चुके हैं। रांची जेल में रहते हुए राजद प्रमुख लालू प्रसाद भी अपने खेमे के लिए वैचारिक स्तर पर लगातार सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री

बिहार में सक्रिय बड़े दलों के नेताओं के बढ़ गए हैं रांची के दौरे

नीतीश कुमार खुद पिछले दो महीने में तीन बार झारखंड जाकर जदयू को जागृत कर आए हैं। कार्यकर्ताओं में जान फूंक आए हैं। झारखंड में जदयू की राह भाजपा से अलग है। इसलिए नए साथी की तलाश है। झारखंड विकास मोर्चा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से तालमेल की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव आरसीपी सिंह ने कुछ विधानसभा सीटों का चयन भी कर लिया है। वहां कार्यकर्ता सम्मेलन और जन भावना यात्रा का आयोजन भी शुरू कर दिया है। वोटरों को जोड़ा जा रहा है।

बिहार में भाजपा के साथ तालमेल करके लोकसभा चुनाव लड़ चुकी और केंद्र की राजग सरकार में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी भी अपने लिए झारखंड में संभावनाएं तलाश रही हैं। हुसैनाबाद से चुनावी सभा की शुरुआत भी हो चुकी है। रामविलास पासवान अपने पुत्र चिराग पासवान के लिए दायरा बढ़ाने की जुगत में हैं। भाजपा पर कुछ सीटों के लिए दबाव बनाने का प्रयास है। बिहार में घोषित उपचुनाव में नाथनगर की सीट पर अचानक और अकेले सक्रिय हो चुके हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा प्रमुख जीतनराम मांझी भी पीछे नहीं रहना चाहते हैं। उन्हें भी झारखंड में नई जमीन की तलाश है। हम के प्रवक्ता दानिश रिजवान का दावा है कि मांझी जी बात बढ़ा रहे हैं। सहयोगी तलाश रहे हैं। इधर या उधर... कहीं भी जगह मिलेगी तो चूकेंगे नहीं।

रेल तार टूटा, चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी मालगाड़ी



जासं, भागलपुर : मालदा रेल मंडल के अकबरनगर-नाथनगर के बीच मंगलवार की सुबह 7.25 बजे रेल ओवर हेड तार टूट गया। इस बीच जमालपुर की तरफ से आ रही मालगाड़ी के चालक की नजर पड़ी और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोकी। एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। सूचना मिलते ही ट्रैफिक इंस्पेक्टर और विद्युत विभाग की टीम पहुंची और तार को दुरुस्त किया। इस वजह से डाउन लाइन पर दो घंटे परिचालन ठप रहा। 9.25 बजे परिचालन शुरू हुआ। परिचालन ठप होने से 53042 जयनगर-हावड़ा फास्ट पैसेंजर और 53416 जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर सुल्तानगंज और बरियारपुर स्टेशन पर खड़ी रही।

टावर वैगन का इंजन फेल, कई ट्रेनें फंसी : टूटे रेल वायर को दुरुस्त कर ट्रेन परिचालन शुरू करा दिया गया। 10 बजे के पास इलेक्ट्रिक टावर वैगन से विद्युत विभाग की टीम तार चेक करने गई। इस दौरान डाउन लाइन पर ब्लॉक लिया गया था। टावर वैगन जैसे ही पहुंची इंजन फेल कर गया। इस कारण फिर से डाउन लाइन पर परिचालन बंद हो गया। दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी और विक्रमशिला एक्सप्रेस प्रभावित हुई।

ब्रजेश ठाकुर की संपत्ति जब्त करने पहुंची ईडी की टीम

जेएनएन, मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर शेल्टर होम यौन हिंसा मामले के मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। मुजफ्फरपुर शेल्टर होम मामले ने बिहार को पूरे देश में शर्मसार कर दिया है। इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो कर रही है। साथ प्रवर्तन निदेशालय भी कार्रवाई कर रही है। ताजा घटनाक्रम में मंगलवार की शाम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर के घर पर पहुंची है। संपत्ति जब्त होने की कार्रवाई शुरू की है। फिलहाल ब्रजेश अभी जेल में बंद है।

सूचनानुसार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम मामले के मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर की प्रॉपर्टी जिले के मिठनपुरा के रामबाग में है। वहां ईडी की टीम मंगलवार की देर शाम पहुंच गई है। बताया जाता है कि टीम में कई वरीय अधिकारी भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, टीम के साथ स्थानीय जिला पुलिस बल और महिला सिपाही को भी रखा गया है। बता दें कि इसके लिए ईडी पटना जोनल ऑफिस के सहायक निदेशक संतोष कुमार मंडल ने एसएसपी मनोज कुमार को पत्र भेजा था। पत्र को अत्यंत जरूरी बताते हुए सोमवार की रात ही उन्हें इससे अवगत करा दिया गया।

संस्कृत विश्वविद्यालय के 20 प्राचार्यों की नियुक्ति रद

राज्य ब्यूरो, पटना : पटना हाईकोर्ट ने मंगलवार को कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में 10 वर्षों से कार्यरत 20 प्राचार्यों की नियुक्ति को अवैध घोषित कर दिया। अदालत ने कुलपति को तीन महीने के भीतर नए सिरे से चयन प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। जिन प्राचार्यों की नियुक्ति अवैध घोषित की गई है, यदि वे चाहें तो चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। ऐसे प्राचार्य अगर चयनित होते हैं तो उन्हें हटाई गए अवधि का भी वेतन दिया जाएगा।

यह आदेश न्यायाधीश अनिल कुमार उपाध्याय की एकलपीठ ने डॉ रमेश झा एवं प्रियंवदा कुमारी की याचिका पर विस्तृत सुनवाई के बाद दिया। इन दोनों अभ्यर्थियों को चयन समिति ने अयोग्य करार कर दिया था। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि चयन समिति विधि सम्मत गठित नहीं की गई थी।

आदेश के बाद हटेंगे ये प्राचार्य : अनिल कुमार ईश्वर, विनय कुमार सिंह, घनश्याम कुमार मिश्र, आभा कुमारी, राजेन्द्र प्रसाद चौधुर, कंचन माला पंडित, अशोक कुमार पूर्वे, रविशंकर झा, रामेश्वर राय, दिनेश्वर यादव, अशोक कुमार आजाद, मनोज कुमार, भगलू झा, प्रभास चंद्र, हरिनारायण ठाकुर, प्रेम कांत झा, अश्वनी कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार, सुरेश पांडेय, उमेश कुमार सिंह, शिव लोचन झा, एवं दिनेश झा। इनमें से दो प्राचार्य सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं।

विश्वविद्यालय को दिया था सुधार का मौका : अपने आदेश में एकलपीठ ने कहा कि जिन दो याचिकाकर्ताओं को चयन समिति द्वारा गलत तरीके से अयोग्य घोषित किया गया, उन्हें नियुक्त कर लिया जाए। इसके लिए कोर्ट ने प्रतिवादियों को तीन बार मौका दिया। लेकिन विश्वविद्यालय टस से मस नहीं हुआ।

2008 में निकला था विज्ञापन : 22 प्राचार्यों की नियुक्त के लिए 2008 में विज्ञापन निकला था। चयन समिति बनी। इसमें हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। 2009 में सफल प्राचार्यों की सूची जारी की गई थी। तभी से ये सब उस विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों में कार्यरत हो गए थे। इन्हें नियमित वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही थी।

परीक्षा समिति के निदेशक तलब

राब्यू, पटना : डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए जहानाबाद के एक टीचर्स ट्रेनिंग कालेज को अदालती आदेश के बाद भी संबद्धता नहीं दिए पर पटना हाई कोर्ट ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेशक को तलब किया। न्यायाधीश अनिल कुमार उपाध्याय की एकलपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए निदेशक को 25 सितंबर को कोर्ट में रहने का आदेश दिया। अदालत ने इस कालेज को संबद्धन देने का आदेश 2017 में ही दिया था। लेकिन अबतक अदालती आदेश का पालन नहीं किया गया है। इस पर अदालत ने नाराजगी जाहिर की।

राहत ई-लाभार्थी पोर्टल से लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि का होगा भुगतान

बिहार में 2.7 करोड़ छात्रों का बनेगा डाटा बैंक

दीनानाथ साहनी ● पटना

बिहार में छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन, पोशाक, नैपकिन और साइकिल योजनाओं के फूलप्रूफ कार्यान्वयन, प्रभावी मॉनीटरिंग तथा फर्जीवाड़े रोकने के लिए 'मेधासाफ्ट' साफ्टवेयर तैयार किया गया है। सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए करीब 2 करोड़ 7 लाख छात्र-छात्राओं का आंकड़ा शिक्षा विभाग के इस साफ्टवेयर पर जांच कर अपलोड किया जाएगा। इसके आधार पर डाटा बैंक बनेगा। सभी प्रकार की योजनाओं की राशि ई-लाभार्थी पोर्टल से लाभुकों के बैंक खातों में भुगतान होगा। महत्वपूर्ण यह कि क्लास रूम में 75 फीसद उपस्थिति पर ही लाभुक को संबंधित योजना का लाभ मिलेगा।

नामांकन पंजी के आधार पर बैंक खाता एवं आधार नंबर अनिवार्य : शिक्षा विभाग के मुताबिक 'मेधासाफ्ट' साफ्टवेयर लाभुकों का आंकड़ा संग्रह की व्यवस्था मुख्यालय स्तर पर की गई है। वर्गवार शिक्षक नामांकन पंजी के आधार पर बैंक खाता और आधार नंबर प्रपत्र में प्रधानाचार्य को देंगे। विद्यालय से लाभुकों की सूची प्रखंड मुख्यालय में भेजी जाएगी। इस विवरण को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना व लेखा) जांच कर फाइनल करेंगे। उसके आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पूरे जिले में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के लिए राशि की मांग की जाएगी।

संदेह होने पर छात्रों की सूची की जांच करेगी थर्ड पार्टी : विभिन्न योजनाओं के विद्यालय स्तर पर तैयार लाभार्थियों की सूची पर संदेह होने पर उसकी जांच 'थर्ड पार्टी' से करायी जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आरके महाजन ने 77 हजार स्कूलों के छात्र-छात्राओं का डाटा एंट्री को सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। विभिन्न योजनाओं में राशि भुगतान में प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाया गया है। मकसद, योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अफसरों के विरुद्ध शिकंजा कसना है।

विद्यालयों में होगा विशेष फंड का गठन

शिक्षा विभाग ने समग्र शिक्षा के तहत खेलकूद के लिए विद्यालयों में एक विशेष फंड के गठन की योजना तैयार की है। दूसरी तरफ केन्द्र सरकार की मदद से स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब के निर्माण योजना पर भी अमल करने का नीतिगत निर्णय लिया है। माना जा रहा है कि इससे बच्चों के भीतर नेचुरल रूप से प्रतिभा और व्यक्तित्व का विकास होगा। इसमें नैतिक शिक्षा को प्रमुखता से शामिल करने की तैयारी है। कक्षा छह से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए संवेदी प्रौद्योगिकी किट, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी), सूक्ष्म इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल पर जोर देने जा रही है। यह सब स्मार्ट क्लास का ही हिस्सा होगा। मकसद विद्यार्थियों को 'खुद से करो' की अवधारणा का उपयोग करने पर जोर देना है।

लोजपा की कमान अब चिराग के पास

राज्य ब्यूरो, पटना : लोजपा की कमान अब घोषित तौर पर सांसद चिराग पासवान के पास आ गई है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फिलहाल चिराग को प्रदेश अध्यक्ष का प्रभार दिया गया है। वहीं पशुपति पारस को दलित सेना का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। रामचंद्र पासवान के निधन के बाद से यह पद खाली था। लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास पासवान ने मंगलवार को कहा कि 28 नवंबर को चिराग पासवान को वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जवाबदेही सौंप देंगे। इसके पीछे यह उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी को जितनी जल्दी हो सके पार्टी चलाने का जिम्मा सौंप दिया जाए। चिराग फिलहाल लोजपा संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हैं। लोजपा के स्थापना काल से ही रामविलास पासवान के छोटे भाई पशुपति कुमार पारस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला : सम्बलपुर, ओड़िशा
दूरभाष (EPABX) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएं, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (https://coalindiatenders.nic.in) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (https://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है। परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

क्र. सं.	निविदा आईडी	कार्य/सेवा का नाम	निविदा मूल्य In (₹)
1	2019_MCL_150039_1	Maintenance of Pipeline and Sanitary system at NSCH Colony CH Area Talcher (For a Period of two Years).	1727104.00
2	2019_MCL_149808_1	Supply of Thyroid Function Test Profile reagent kit for the Department of Pathology, NSCH, Talcher.	504000.00
3	2019_MCL_150151_1	PROCUREMENT OF MICROPROCESSOR BASED TRANSFORMER 10MVA FOR 132/33KV SUB-STATION	2321621.00
4	2019_MCL_150168_1	AMC for minor maintenance with continuous operation, guarding of different places in different times of HT pump set and diesel pump set operation of OB and coal face are at different sumps of NQ mines for a period of one year at Bharatpur OCP, BA.	4174811.00
5	2019_MCL_150202_1	AMC of 2 Nos. of Elevators of travelling distance 75m with 1MT capacity each at New Silo, Bharatpur OCP for a period of 1 year.	460200.00
6	2019_MCL_150091_1	Repairing, rewiring, partial wiring, replacement of damaged electrical towards maintenance and repair accessories at different type of residential Quarters and non residential buildings of Jagannath Colony as and when required for a period of 1 year	1171475.00
7	2019_MCL_150152_1	Construction of R.C.C. drain with 900 mm dia Hume pipe culvert near 2nd water loading point at JNC under Jagannath Area.	1502284.00
8	2019_MCL_150157_1	Fire fighting work at different coal stocks of Bhubaneswari OCP under Jagannath Area. (For a period of 02 years)	1951002.00
9	2019_MCL_150178_1	Providing water loading point at village chhak at Jagannath Colliery under Jagannath Area.	264595.00
10	2019_MCL_150072_1	Supply of Spares for CAT 773 D Dumpers	166868.00
11	2019_MCL_150240_1	Hiring of one no. Pick-up Van having seating capacity 4 plus 1 on 24 hrs duty basis with deployment of three nos. of drivers, max run 4000 km/month for 02 years (682 working days) for Lakhanpur OCP, Lakhanpur Area, MCL	1750694.00
12	2019_MCL_150166_1	Cleaning of spillage coal, mud and muck around belt conveyors from TRH, CHP upto RLS of upcoming SILO loading arrangement of Lingaraj Area for a period of four months	3759331.00
13	2019_MCL_150201_1	Annual Maintenance Contract for day to day electrical work of residential quarters, non-residential buildings and other electrical installations (Including 3.3 or 11 kV OHL) in Deulbera n Sharma Chhak Colony under Lingaraj Area for a period of one year.	3070759.00
14	2019_MCL_150282_1	PROCUREMENT OF DIFFERENT TYPE OF GRAPHITE GLAND PACKING FOR PUMP	35400.00
15	2019_MCL_150182_1	Cleanliness and beautification in and around ladies toilets for celebration of Mahila Shauchalay Swachhta Diwas in GM office, Lakhanpur Area	35502.00
16	2019_MCL_150299_1	Supply of Spares for fuel management system.	283200.00
17	2019_MCL_150369_1	Supply of Complete Rotating Assembly for Flowmore pump	1262400.00
18	2019_MCL_150383_1	Supply of spares for Wirtgen Surface miner at Lingaraj OCP (Exclusively for OEM/OPM/OES)	3249648.00
19	2019_MCL_150267_1	Laying of 11/ 3.3kV cable for providing power supply to Deulbera Colony of Lingaraj Area	464656.00
20	2019_MCL_150363_1	Hiring of 01 No. AC Ambulance of TATA Winger or equivalent for 24 hrs duty, maximum 4000 km run per month for a period of 682 days in 2 years at Bharatpur OCP, Bharatpur Area.	2176944.00
21	2019_MCL_150373_1	Hiring of 01 no. Explosive Van for 12 hours duty for 706 days in 2 years, maximum 2350KM run per month for Bharatpur OCP, Bharatpur Area.	2367218.00
22	2019_MCL_150393_1	Providing temporary weigh bridge cabin for 02 Nos 100 Te static weigh bridge at Ananta OCP, Jagannath Area.	1482767.00
23	2019_MCL_150407_1	Annual cleaning and sweeping of coal sampling storage room, office, laboratory room and peripheral area at railway siding no. 9 of Balram OCP under Hingula Area (for a period of two years).	418708.00
24	2019_MCL_150420_1	Construction of Community Center at Nisha village under CSR works of Hingula Area.	906550.00
25	2019_MCL_150403_1	Re-Plastering of Old Isolation Stoppings at 1 East/35 Drift, 24 NEL and T-4 Area at 1 East/ 35 Drift top section of Talcher Colliery.	238442.00
26	2019_MCL_150355_1	Supply of different types Industrial Gases for HEMMs	103800.00
27	2019_MCL_150358_1	Supply of Catridges for Pantum printers	1305600.00
28	2019_MCL_150456_1	AMC of Hot Vulcanizing Joint of Steel Cord Conveyor belt at New Silo, Bharatpur OCP, Bharatpur Area.	1295640.00
29	2019_MCL_150451_1	Hiring of a Covered Jeep (Bolero / Sumo or equivalent vehicle (Diesel) 6 plus 1 seater with AC fitted) for 12 hours duty for use at Jagannath Area for 682 days in 02(two) years.	1020954.00
30	2019_MCL_150435_1	Repair and maintenance of B and MQ type quarters of Engineers Colony and Nurse Colony under IB Valley Area.	809279.00
31	2019_MCL_150447_1	Annual repair and maintenance of Adarshnagar Colony under LOCP of IB Valley Area (for one year).	1255207.00
32	2019_MCL_150467_1	Supply of Spares for D -355 Dozer.	852851.00
33	2019_MCL_150493_1	Construction of Shed for Two Wheeler and Repair of Existing Shed at GM Unit Bharatpur Area.	976972.00
34	2019_MCL_150539_1	Cleaning and upkeeping of GM Office premises, telephone exchange, claims commission office, DAV School and Meghdoot building at Basundhara Area for two (02) years	4717193.00
35	2019_MCL_150533_1	Supply of Crushers for Coal Analysis laboratory at Kaniha OCP	224952.00
36	2019_MCL_150523_1	Hiring of One (01) No. Diesel Mahindra Bolero / Tata Pick up or equivalent cabin seat 4 plus 1 and minimum 1 (one) Ton Load capacity in rear load body, Daily 24 hrs operation for a period of 02 yrs for PO Office Pool, LOCP, LA	1845492.00
37	2019_MCL_150595_1	AMC for Electrical maintenance work at residential and non-residential buildings under N.S.Nagar colony including Project Office, street lights etc. of Bharatpur OCP for a period of 01 year.	3315076.00
38	2019_MCL_150556_1	Hiring of a Covered Jeep (Bolero / Sumo or equivalent vehicle (Diesel) 6 plus 1 seater with AC fitted) for 24 hours duty for use at 132/33KV Sub-Station, Jagannath Area for 682 days in 02(two) years.	1885730.00
39	2019_MCL_150441_1	Annual cleaning and up keeping of 78 C type and 9 D type quarters at BIT of Lakhanpur Area.	3460595.00
40	2019_MCL_150625_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 24 hrs duty basis with deployment of 02 nos. of drivers (having Staggered rest) max run 3500 km/month for 02 yrs (682 days) for LKPOCP, Lakhanpur Area	1353770.00
41	2019_MCL_150650_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 12 hrs duty basis with deployment of 01 no. of driver having staggered rest max run 2500 km/month for 02 yrs (682 days) for GM Secretariat LKPA	921382.00
42	2019_MCL_150661_1	Supply of Diesel Additive for HEMM at Lingaraj OCP	566400.00

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन नं - 0663-2542695/2542264), ई-मेल : hlp-eproc.mcl@coalindia.in R-4940

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंम्बर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें।